
RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster



Where dream Chisels into reality

YOUNGSTER • ESTABLISHED 2004 • NEW DELHI • JAN 2018 • PAGES 8 • PRICE 1/- • MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं को समर्पित टेक्निया स्पोर्ट मीट सफलतापूर्वक संपन्न

## टेक्निया समूह में 22.01.2018 से 28.01.2018 तक छः दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित



टेक्निया समूह द्वारा "स्पोर्ट्स मीट 2018" का सफलता पूर्वक आयोजन 22 जनवरी से 28 जनवरी 2018 तक किया गया । "स्पोर्ट्स मीट 2018" में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे क्रिकेट, कैरम, शतरंज, फुटबॉल, टग ऑफ वॉर, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, लांग जंप, शॉटपुट आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें टेक्निया समूह के सभी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। "स्पोर्ट्स मीट 2018" में टेक्निया एकादश और मीडिया एकादश के बीच विशेष रूप से मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग छात्रों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना और सरकार के समावेशी भारत अभियान में उनकी भागीदारी को सफल बनाना था। मीडिया एकादश में दिल्ली एनसीआर के प्रमुख चैनलों ए समाचार पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के पत्रकार शामिल थे।

खेल समारोह का आरम्भ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा मशाल मार्च पास्ट् के साथ हुआ टेक्निया "स्पोर्ट्स मीट 2018" का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मॉडल टाउन स्थित छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य–अतिथि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष गिरीश सांघी ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल कूद हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह प्रतियोगिता छात्रों में शिक्षा के साथ साथ खेल प्रतिभा को उभारने का माध्यम है।

मुख्य–अतिथि ने दिव्यांग छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि दिव्यांग छात्रों की प्रतिभाएं बेमिसाल है तथा इनका प्रदर्शन अतुलनीय है। स्पोर्ट्स मीट में दिल्ली एन सी आर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आये हुए एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के हजारों छात्र–छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, और एशियन खेलों के विजेताओं जैसे सुरेन्द्र नाडा, भूपेंद्र, अर्जुन अवार्डी राजीव तोमर, द्रोणाचार्य अवार्डी कोच महा सिंह राव, यशपाल पंडित और भारतीय वॉलीबाल कोच अजवंत दराल को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य–अतिथि ने दिव्यांग छात्र छात्राओं, मीडियाकर्मियों तथा छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं

- Contd. on pg4
















# TIAS organised Two week FDP






TIAS, New Delhi organized two weeks Faculty Entrepreneurship Development Program in collaboration with National Foundation of Indian Engineers, New Delhi from 26/12/2017 to 08/01/2018 at Tecnia Auditorium, TIAS, at Rohini New Delhi in association with Ministry of Science and Technology, Department of Science and Technology, Government of India and National Science & Technology Entrepreneurship Development Board (NSTEDB), New Delhi. Through this training program, faculty members from Delhi-NCR were trained in Entrepreneurial Skills.

Dr.R K Gupta, Chairman, Tecnia Group of Institutions distributed certificates to the faculty members and said that the aim of FDP was to equip faculty members with skills and knowledge.

During FDP Academicians and Industry Experts shared their views on different topics of Entrepreneurship Development, Communication and Inter-personal Skills, Creativity, Problem Solving, Achievement, Motivation, Time Management etc. As part of FDP, faculty members got opportunity of an Industry Visit to M/S Milestone Switch Gears Pvt. Ltd. Udhyog Vihar, Gurugram, Haryana.

On this occasion, Dr. Ajay Kumar, Director, TIAS; Dr. A.K Srivastava, CEO (A & D), TIAS; Prof. Dr. P.K. Gupta Secretary General, NAFEN; Dr. Sudhir Dawra, Convener, FDP and faculty members were present.

***- Bal Krishna Mishra***

# आपके शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा कर देंगे ये आहार




यह तो हम सभी जानते हैं कि शरीर के सही तरह से कार्य करने के लिए विटामिन्स का एक अहम स्थान होता है। अगर बात विटामिन सी की हो तो यह न सिर्फ आपकी हड्डियों के लिए आवश्यक होता है बल्कि यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए भी फायदेमंद होता है। इतना ही नहीं, यह हृदय रोग से लेकर कैंसर व अस्थमा जैसी बीमारियों के लिए भी आवश्यक माना जाता है। तो चलिए जानते हैं किन आहार से मिलता है आपको विटामिन सी–

**खट्टे आहार**

खट्टे आहार जैसे नींबू, संतरा और आंवला आदि कुछ ऐसे आहार हैं, जिन में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए इन्हें किसी न किसी रूप में आपको अपने आहार में अवश्य शामिल करना चाहिए।

**अंगूर**

बहुत कम लोग इस बारे में जानते हैं कि अंगूर में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वैसे इसमें विटामिन सी के अतिरिक्त फाइबर, विटामिन ई और के की प्रचुरता होती है। अगर इसे भोजन में शामिल किया जाए तो यह टीबी, कैंसर और रक्त विकार में काफी राहत पहुंचाता है।

**पालक**

पालक में आयरन तो प्रचुर मात्रा में होता है ही, साथ ही इसमें विटामिन सी भी मौजूद होता है। वैसे इसमें आपको आयरन व विटामिन सी के अतिरिक्त विटामिन ए, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम और बीटा कैरोटिन आदि भी पाया जाता है। कैंसर, आर्थराइटिस और ओस्टियोपोरोसिस के रोगियों को इसका सेवन करने की विशेष रूप से सलाह दी जाती है।

**हरी मिर्च**

आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन हरी मिर्च में भी काफी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। महज 100 ग्राम हरी मिर्च से आपको करीबन 242 एमजी विटामिन सी प्राप्त होता है। इतना ही नहीं, अगर आप एक हरी मिर्च का भी सेवन करते हैं तो इससे आपको 109 एमजी विटामिन सी प्राप्त होगा।

**मुनक्का**

पालक की तरह ही मुनक्के में भी विटामिन सी की काफी अधिकता होती है। मुनक्के का सेवन न सिर्फ आपको पोषक तत्व प्रदान करता है, बल्कि यह मिनरल के अवशोषण में भी मदद करता है। जिससे आपको मिलने वाला पोषण सही तरह से अवशोषित होकर आपको लाभ पहुंचाता है।

**पीली शिमला मिर्च**

पीली शिमला मिर्च में विटामिन सी की उच्च मात्रा पाई जाती है। अगर आप महज एक बड़ी पीली शिमला मिर्च को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएंगे तो इससे आपको करीबन 341 एमजी विटामिन सी प्राप्त होगा। तो देर किस बात की, आज ही मार्केट जाइए और लाइए यह पीली शिमला मिर्च।

*–प्रस्तुति–करूणा*

# Cricket Match Organized between Tecnia Group and Media XI dedicated to Divyangjan






Tecnia Group of Institutions organized a friendly cricket match between Tecnia XI and Media XI for students under the banner of "Tecnia Sports Meet 2018" on 27th January 2018 at DDA Sports Complex, Rohini, New Delhi .The prominent media houses including Print, Electronic and Digital of Delhi NCR participated in this cricket match.

The main objective of this event was to promote sporting spirit among Divyang Students (Specially enabled students) and also to promote "Inclusive India campaign" of Govt. of India. Winners of the cricket match will be awarded prizes at Chhatrasal Stadium, Model Town, New Delhi on 28th January 2018 during the Closing Ceremony of "Tecnia Sports Meet 2018".

Tecnia Group Chairman Dr. Ram Kailash Gupta said that this initiative is an attempt to facilitate the realization of equal opportunities, protection of human rights and full participation of Divyang Students (Students with intellectual and developmental disabilities) to bring them into the mainstream of Society.

He further said that Inclusive India Initiative is born out of the very need of creating awareness among public towards sporting spirit in themselves and also to make Divyang Students and people part and parcel of their day to day lives.

On this occasion Dr. Ajay Kumar (Director, Tecnia Institute of Advanced Studies) ,Dr. A.K Srivastava, CEO (A & D), Tecnia Institute of Advanced Studies, faculty members and students were present.

***- Bal Krishna Mishra***

# Sarswati Pooja Celebrated In Tecnia







Saraswati Puja also known as Shree Panchami or Basant Panchami was celebrated with much fervour in Tecnia Institute of Advanced Studies , Rohini on 22nd January . Saraswati Puja programs characterize the highest reverence to the Goddess of knowledge and arts . On this occasion all the faculty members and staff were present .

***- Anil K Jharotia***

## टेक्निया स्पोर्ट मीट सफलतापूर्वक संपन्न *- Contd. from pg 1*

ट्रॉफी देकर मनोबल बढ़ाया। मेघालय के महामहिम राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया ने समापन समारोह की अध्यक्षता की तथा दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेल प्रतिभा की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

टेक्निया समूह के अध्यक्ष डॉ0 राम कैलाश गुप्ता का कहना है कि टेक्निया समूह द्वारा यह पहल भारत सरकार के समावेशी योजना के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के प्रति सामाजिक ढांचे में समान अवसर, मानव अधिकारों के संरक्षण, बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने और सामाजिक विकास की गतिविधियों में उनकी पूर्ण भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

इस मौके पर डॉ अजय कुमार निदेशक, टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, डॉ0 ए. के. श्रीवास्तव, कार्यकारी अधिकारी (शैक्षणिक एवं विकास), टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, समस्त शिक्षकगण और छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

**– बालकृष्ण मिश्रा**

From The Editor Desk

## बात न्यू इंडिया की करते हैं पर देश में भूख से हजारों बच्चे दम तोड़ देते हैं।

गरीबी, भूख, भुखमरी और भिखारी का चोली दामन का साथ है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं षि संगठन की 2017 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुपोषित लोगों की संख्या 19.07 करोड़ है। यह आंकड़ा दुनिया में सर्वाधिक है। देश में 15 से 49 वर्ष की 51.4 फीसदी महिलाओं में खून की कमी है। पांच वर्ष से कम उम्र के 38.4 फीसदी बच्चे अपनी आयु के मुताबिक कम लंबाई के हैं। इक्कीस फीसदी का वजन अत्यधिक कम है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना तीन हजार बच्चे दम तोड़ देते हैं।

भारत में खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार और मोदी सरकार के जनकल्याण के दावों के बावजूद 2016 की तुलना में वर्ष 2017 में वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स, जीएचआई) में भारत तीन पायदान नीचे उतर गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में भूख एक गंभीर समस्या है और इस वर्ष 119 देशों के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 100वें पायदान पर आ गया है। वर्ष 2016 में भारत इस सूचकांक में 97वें स्थान पर था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भूख से मरने वालों की संख्या घटने की बजाए और तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 25 सालों में भारत के खाना बर्बादी करने के आंकड़ों में तो कोई फर्क नहीं पड़ा है। लेकिन कुपोषण की वजह से होने वाले बच्चों की मौत के आंकड़ों में मामूली सुधार जरूर देखने को मिला है। नेपाल, पाकिस्तान के अलावा भारत इस मामले में सभी ब्रिक्स देशों में सबसे नीचे स्थान पर है।

दुनिया से जब तक अमीरी और गरीबी की खाई नहीं मिटेगी तब तक भूख के खिलाफ संघर्ष यूँ ही जारी रहेगा। चाहे जितना चेतना और जागरूकता के गीत गा लो कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। अब तो यह मानने वालों की तादाद कम नहीं है कि जब तक धरती और आसमान रहेगा तब तक आदमजात अमीरी और गरीबी नामक दो वर्गों में बंटा रहेगा। शोषक और शोषित की परिभाषा समय के साथ बदलती रहेगी मगर भूख और गरीबी का तांडव कायम रहेगा। अमीरी और गरीबी का अंतर कम जरूर हो सकता है मगर इसके लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी पड़ेगी। प्रत्येक संपन्न देश और व्यक्ति को संकल्पबद्धता के साथ गरीब की रोजी और रोटी का माकूल प्रबंध करना होगा।

## कासगंज की हिंसा : असहिष्णुता या खराब कानून व्यवस्था?

*- रोहित रावत*

बदलते हुए इस नये युग में, न्यू इंडिया ने कुछ नये शब्द सुने जैसे असहिष्णुता,असहनशीलता एवं असामाजिकता। हमारे भारत वर्ष में एक नया चलन चला अवॉर्ड्स वापस लौटाने का, बडे–बडे बुद्धिजीवी, लेखक, कवि, राजनेता अपनी – अपनी आवाजें बुलंद करके कह रहे थे कि भारत वर्ष मैं असहिष्णुता बढती जा रही है, भारत का लोकतंत्र खतरे मै है। राजनैतिक दल और राजनेता असहिष्णुता के नाम पर अपनी राजनीति चमका रहे थे।

लेकिन आज कल इन सभी लोगों ने मौन व्रत रखा हुआ है। कासगंज में हुई सांप्रदायिक घटना पर सभी राजनैतिक दलों एवं अवॉर्ड्स वापस लौटने वाले बुध्दिजीवियों ने चुप्पी साधी हुई है। यह दुर्भाग्य है हमारे देश का कि आजादी के 70 वर्ष बाद भी हमारे देश में धर्म के नाम पर राजनीति की जाती है। इसीलिए हमारे देश में किसी पीड़ित की जाति और उसका धर्म देखकर अवाज उठाई जाती है। ऐसा ही कुछ कासगंज मै भी हुआ।

कासगंज में 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस ) के दिन कुछ स्थानीय निवासी तिरंगा यात्रा निकाल रहे थे। यह तिरंगा यात्रा वहां हर साल कुछ हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता द्वारा निकाली जाती थी। इस साल जब यह यात्रा मुस्लिम बहुल इलाके से गुजरी तो तिरंगा यात्रा निकाल रहे युवाओं पर पथराव किया गया। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच हिंसा बढ गई, दोनों पक्षों के बीच पत्थर बाजी एवं फायरिंग की घटनाएं भी हुई। इस हिंसा मै चंदन गुप्ता नाम के एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे शहर मै आगजानि कि घटनाएं हुई, दुकाने जलाई गई, वाहन जलाएं गए। कासगंज में इसी तरह 3 दिनों तक हिंसक घटनाएं होती रही। पुलिस ने इस घटना में कार्यवाही करते हुए दो मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। चंदन गुप्ता को अपने ही देश मै अपने देश का तिरंगा लहराना महंगा पड गया।

आज मेरा देश मौन है, राजनैतिक दल मौन है, अवार्ड वापस लौटाने वाले भी मौन है। कोई भी राजनैतिक दल चंदन गुप्ता की हत्या को उतना महत्व नहीं दे रहा जितना अखलाक या दलित छात्रा रोहित वेमुला की मौत को दे रहा था क्योंकि चंदन गुप्ता ना तो अल्पसंख्यक था, ना ही दलित। अगर इस घटना में मरने वाला युवक किसी और समुदाय का होता, तो अब तक असहिष्णुता का प्रचार होने लग जाता, अवार्ड वापसी दल सक्रिय हो जाता तमाम राजनैतिक दल अब तक कासगंज पहुच गए होते, मानव अधिकार की बाते करने वाले सड़को पर उतर जाते।

मगर अफसोस! आज मेरा देश मौन है, शांत है। हमारे देश में कोई भी प्रदर्शन और आंदोलन तब किए जाते हैं जब हिंसा में मरने वाला व्यक्ति या तो अल्पसंख्यक हो या दलित क्योकि हमारे राजनैतिक दल उन्हें वोट बैंक की दृष्टि से देखते है। चंदन गुप्ता का धर्म और उसकी जाति हमारे राजनैतिक दलों के एजेंडा को सूट नहीं करता है इसीलिए चंदन गुप्ता के परिवार के साथ आज कोई नहीं खड़ा, उसे इंसाफ दिलाने की बात आज कोई नहीं कर रहा।

क्या थी चंदन गुप्ता की गलती?क्या अपने ही देश मै अपने देश का तिरंगा लहराना थी चंदन की गलती?

आपको याद होगा सितंबर 2015 में दादरी हिंसा मैं अखलाक की हत्या हुई थी जिस पर सभी पार्टियों ने अपने एजेंडा के मुताबिक राजनीति की। इसी तरह 2016 में जब हैदराबाद में एक छात्र रोहित वेमुला ने आत्महत्या की तो राजनैतिक दलों ने उसे दलित एंगल बनाकर देश के सामने पेश किया। वही जून 2017 में एक लोकल ट्रेन में सीट को लेकर हुए विवाद में जुनैद नाम के एक युवक की मौत को भी धर्म के एंगल से जोड़ कर पेश किया गया। इन सभी घटनाओं में राजनैतिक दलों एवं बुद्धिजीवी द्वारा ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा था जैसे देश में असहिष्णुता बढती जा रही है। बड़े–बड़े प्रदर्शनकारी देश में कैंडल मार्च निकाल रहे थे, सोशल मीडिया में इन घटनाओं पर चिंतन किया जा रहा था। लेकिन आज सब शांत हैं, मौन हैं।

28 सितंबर को दादरी में हुई हत्या के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अखलाक के परिवार को 20,00,000 रुपये की सहायता एवं अखलाक के बड़े बेटे को सरकारी नौकरी दी, एवं असहिष्णुता की बात को माना और कहा देश में कुछ असामाजिक तत्व है जो सक्रिय हो गए हैं और असहिष्णुता फैला रहे हैं। राजनेताओं ने भी इस मुद्दे पर अपनी–अपनी राजनीति चमकाई। मगर आज चंदन गुप्ता की मौत पर सब शांत हैं।

## Career Counseling session on Emerging Career Opportunities in the current Print , Electronic and Digital Media Industry







Department of Journalism and Mass Communication, Tecnia Institute of Advanced Studies Rohini Delhi Affiliated Institute of GGSIP University Delhi organized a career counseling session for BA(JMC) students under the banner of Capability Enhancement and Development Scheme on the topic "emerging career opportunities in the current Print, Electronic and Digital Media Industry". on 11-1-2018. Mr. Onkareshwar Pandey Editor, Asia News International was the resource person on the occasion. He said that If you are looking at good packages after completing your BA(JMC), you can try out in private sectors. They offer good remuneration with other facilities as well. Some of the areas in the Private sector that recruits graduates are Public Relations, Media law Ethics, Cinematography, Media Writing, Inter cultural Communication, etc.

Mr. Pandey also emphasized on various employment opportunities available for Bachelor of Journalism & Mass Communication graduates to grab a job in various departments in central and state govt. Some of the job profiles are News Analysts, Columnists, Editors, Proof Readers, Freelance Writers, Photo Journalist, etc. The session was followed by a vibrant Interaction of BA(JMC) students with the resource Person.

DR. Ram Kailash Gupta (Chairman, Tecnia Group of Institutions) told that the role of Career Counseling at this level can play a very important role for the BA(JMC) students in deciding their options which they can under take as Career soon after their Graduation.

Dr. Ajay Kumar (Director, Tecnia Institute of Advanced Studies) congratulated the organizing team and deliberated on the topic, according to him choosing a right Career in media industry is the most vital decision in every students's life and Career Assessment can help individual to identify and articulate better their unique interest, values and skills. He also emphasized that Institutions should have cooperative Programmes for the welfare of the students. This was followed by a vibrant Interaction with the resource Person.

Dr. A.K Srivastava, CEO (A & D), Tecnia Institute of Advanced Studies told that career path in the sector of Journalism and Mass Communications has variety of job responsibilities. After completing BA(J&MC) course along with the journalism skills and abilities, students can get job After completing BA(JMC) course along with the journalism skills and abilities, students can get job.

Dr.Kmaljeet kaur ,Hod BA(JMC) delivered vote of thanks and conducted the proceeding. On this occasion Dr Munnavar Alam (Program Chair, BA(JMC), faculty members and students were present.

***- Bal Krishna Mishra***

## Career Counseling for Higher Education in Australia







Career Counseling session was organized for MBA, BBA & BA(JMC) students on January 25th, 2018 on the topic "Opportunities students have with Murdoch University, Australia and related Specialization" by Tecnia Institute of Advanced Studies . The main objective of this session was to make the students aware about the possibilities of higher education in Murdoch University, Australia. Ms.Suzain Smith, Director International, Murdoch University was the resource person .The session was targeted to make the students understand about the University and its various programs. The students were also guided how to apply and get admission in various programs. They were also given information about the expenses which they have to meet their tenure. In the session they were also informed about the important places of realize the positive employability attributes and the lacunae in their preparations in order to face various recruitment boards.The pre placement assessment work as a guiding force for the students to prepare on their weaknesses and sharpen their strength.

***- Dr. Nivedita Mishra***




# Photo of the Month

वो राम की पूड़ी भी खाता है, रहीम की खीर भी खाता है, वो गरीब है साहब, उसे मजहब कहा समझ आता है...!!

फोटो क्रेडिट- अनीत अरोरा

## THIS MONTH

**January 22, 1905 -** Five hundred protesting Russian workers were killed by the troops of Czar Nicholas II in St. Petersburg. The event became known as "Bloody Sunday" and marked the beginning of the violent revolutionary movement of 1905 which ultimately failed. A second revolutionary movement in 1917 succeeded and the Czar abdicated.

•••

**January 23, 1907 -** Charles Curtis of Kansas became the first person of Native American ancestry to serve in the U.S Senate. He later served as vice president under President Herbert Hoover from 1929-33.

•••

**January 10, 1912 -** The flying boat airplane, invented by Glenn Curtiss, made its first flight at Hammondsport, New York.

•••

**January 1, 1915 -** During World War I, the British Battleship Formidable was hit by a torpedo in the English Channel, killing 547 crewmen.

•••

**January 28, 1915 -** The U.S. Coast Guard was created by an Act of Congress, combining the Life Saving Service and the Revenue Cutter Service.

•••

**Compilation:** Honey Shah

## Republic Day 2018

- India celebrated its Republic Day 2018 with the great leaders of 10 Asean countries (Association of South East Asian Nations). This year in 2018, it happened for the first time in Indian history that 10 chief guests graced the Republic Day of India. It was very special because the Southeast Asian bloc completed its 50 years of formation (created on 8 August 1967) and India completed its 25 years of partnership (started in 1992) with the grouping in 2017.
- It was for the first time that ASEAN Flags were displayed through fly in the sky over Rajpath.
- It was for the first time that one of the floats showed "All India Radio" to display Prime Minister's monthly address "Mann Ki Baat".
- One of the floats from Income Tax Department displayed anti-black money drive (swachh dhan abhiyan).
- 113 BSF women performed motorcycle stunts such as pyramid, shaktiman, fish riding, seema prahari, bull fighting, etc.
- Aircraft Carrier (IAC) Vikrant was displayed by the Indian Navy which will be commissioned in 2020.
- "Nirbhay missile" and the "Ashwini radar system" from The Defence Development and Research Organization were displayed.
- "Airborne Early Warning and Control System (Netra) flown over the Rajpath.
- Group of students from Delhi school performed to represent Indo-ASEAN ties.

***- Surabhi Jajodia***

## BASICS OF MEDIA

**Nontechnical Production Personnel -** People concerned primarily with nontechnical production matters that lead from the basic idea to the final screen image. Also called above-the-line personnel.

•••

**Pan Stick -** A foundation makeup with a grease base. Used to cover a beard shadow or prominent skin blemish.

•••

**Pancake -** A makeup base, or foundation makeup, usually watersoluble and applied with a small sponge.

•••

**Performer -** A person who appears on-camera in nondramatic shows. Performers play themselves and do not assume someone else's character.

talent Collective name for all performers and actors who appear regularly on television.

•••

**Technical Production Personnel-** People who operate the production equipment. Also called below-the-line personnel.

•••

**Teleprompter** - A prompting device that projects the moving (usually computer-generated) copy over the lens so that the talent can read it without losing eye contact with the viewer. Also called auto cue.

•••

**Compilation:** Rahul Mittal

# निर्दोष फिल्म की स्टार कास्ट का टेक्निया में फिल्म प्रमोशन








अरबाज खान अभिनीत सस्पेंस थ्रिलर निर्दोष फिल्म की स्टारकास्ट ने टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में 11 जनवरी 2018 को छात्रों के सामने फिल्म प्रमोशन किया। फिल्म प्रमोशन के लिए स्टारकास्ट अरबाज खान, मंजरी फडणवीस, महक चहल ,और अश्मित पटेल ने टेक्निया संस्थान में छात्रों के सामने फिल्म के बारे में बताया कि पूरी फिल्म सस्पेंस थ्रिलर से भरपूर है साथ ही यह भी बताया की फिल्म की कहानी एक मर्डर तथा सात संदिग्ध के चारों ओर घूमती है। कार्यक्रम के अंत में फिल्म की स्टारकास्ट ने छात्रों से निर्दोष फिल्म देखने की गुजारिश की। स्टारकास्ट का स्वागत टेक्निया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष डॉ राम कैलाश गुप्ता, डॉ अजय कुमार (निदेशक, टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज), डॉ ए के श्रीवास्तव, कार्यकारी अधिकारी (शैक्षणिक एवं विकास), टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज और समस्त शिक्षकगण और छात्र मौजूद थे।

-डा0 राहुल शर्मा

**Vol.** 14 **No.** 1

**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598

**Publisher:** Ram Kailsah Gupta on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5

**Editor:** Rahul Mittal, responsible for selection of News under PRB Act. All rights reserved.

## IMPORTANT QUOTES

*"A man can't be too careful in the choice of his enemies."*

**- Oscar Wilde**

•••

*"Forgive your enemies, but never forget their names."*

**- John F. Kennedy**

•••

*"Logic is in the eye of the logician."*

**- Gloria Steinem**

•••

*"No one can earn a million dollars honestly."*

**- William Jennings Bryan**

•••

*"Everything has been figured out, except how to live."*

**- Jean-Paul Sartre**

•••

*"Sometimes a scream is better than a thesis."*

**- Ralph Waldo Emerson**

•••

**Compilation:** Sanjay Srivastava

## WINNERS v/s LOOSERS Part-78

*Winners plan and prepare to win.*
*Loosers excuse after the event*

•••

*Winners are always part of the solution;*
*Losers are always part of the problem.*

•••

*Winners truly believe;*
*Losers only hope.*

•••

*Winners have a mission;*
*Losers have excuses.*

•••

*Winners maximize their strengths;*
*Losers dwell on their weaknesses.*

•••

*Winners commit to improve every day;*
*Losers just go through the motions.*

•••

*To Be Continued In Next Issue-*

**Compilation:** Rahul Mittal

All Students and Faculty are welcome to give any Article, Feature & Write-up along with their Views & Feedback at: **hodbjmc@tecnia.in**